भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3090
दिनांक 06 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी केन्द्र

3090. श्री सुनील कुमार सोनीः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ में कुल आंगनबाड़ी केन्द्रों में से उन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है जहां बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है;
(ख) जीर्ण-शीर्ण अवस्था वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के उन्नयन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(ग) क्या केन्द्र सरकार इस कार्य को पूरा करने हेतु किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी		महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) : छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ में प्रचालनरत 51,384 आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) में से, 38,894 आंगनवाड़ी केंद्रों के पास अपने स्वयं के भवन हैं और इन भवनों में से 17,846 आंगनवाड़ी भवनों को विद्युतीकृत किया जा चुका है ।

(ख) से (घ) : आंगनवाड़ी केंद्र के भवनों की स्थिति को सुधारने के लिए, भारत सरकार प्रति आंगनवाड़ी केंद्र भवन के लिए 2 लाख रूपये की दर पर निधियां प्रदान करती है। आंगनवाड़ी केंद्र के भवनों के उन्नयन के लिए जारी की गई राज्य-वार निधियां अनुलग्नक-। में है ।

******

अनुलग्नक - I

'छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी केन्द्र' विषय पर श्री सुनील कुमार सोनी द्वारा दिनांक 06.12.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3090 के उत्तर के भाग (ख) से (घ) में संदर्भित विवरण

आंगनवाड़ी सेवा योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी भवनों के उन्नयन के लिए जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा

(रूपये लाखों में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वर्ष **2015-16** के दौरान निर्मुक्त निधि | वर्ष **2017-18** के दौरान निर्मुक्त निधि |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 0 | 1152.00 |
| 2. | बिहार | 0 | 744.00 |
| 3. | छत्तीसगढ़ | 0 | 720.00 |
| 4. | गोवा | 0 | 18.00 |
| 5. | गुजरात | 2798.87 | 960.00 |
| 6. | हरियाणा | 0 | 360.00 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 276.00 | 504.00 |
| 8. | झारखंड | 0 | 960.00 |
| 9. | कर्नाटक | 0 | 600.00 |
| 10. | केरल | 330.00 | 480.00 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 0 | 960.00 |
| 12. | महाराष्ट्र | 0 | 840.00 |
| 13. | ओडिशा | 0 | 1680.00 |
| 14. | पंजाब | 0 | 420.00 |
| 15. | राजस्थान | 0 | 780.00 |
| 16. | तमिलनाडु | 0 | 480.00 |
| 17. | तेलंगाना | 0 | 600.00 |
| 18. | उत्तर प्रदेश | 4205.25 | 2640.00 |
| 19. | उत्तराखंड | 2531.25 | 518.40 |
| 20. | पश्चिम बंगाल | 0 | 1560.00 |
| 21. | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 1800.00 |
| 22. | मणिपुर | 2025.00 | 1800.00 |
| 23. | मेघालय | 0 | 1800.00 |
| 24. | मिजोरम | 150.53 | 1080.00 |
| 25. | नागालैंड | 0 | 2318.40 |
| 26. | त्रिपुरा | 846.68 | 0.00 |
| कुल | | **13163.58*** | **25774.80** |

* निर्माण के लिए भी आंशिक रूप से शामिल है ।